## पूर्व पंचायत राजमंत्री पर लगाये गंभीर आरोप

**करौली ।** सपोटरा विधायक हंसराज मीणा ने पूर्ववर्ती कांठोस सरकार ने पंचायती राजमंत्री एवं स्थानीय विधायक सपोटरा पर गरीबो का हक छीनने का प्रेसवार्ता के दौरान खुलकर आरोप लगाये।

सपोटरा विधायक हंसराज मीणा ने करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर,भाजपा जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन,करौली नगरपरिषद कि सभापति प्रतिनिधी सुशील शर्मा कि उपस्थिति मे करौली के सर्किट हाउस मे प्रेसवार्ता कर सपोटरा के पूर्व विधायक व पंचायत राजमंत्री रमेश मीणा पर गरीबो का हक छीनने का आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्व मंत्री रमेश मीणा ने अपने ही छ: सगे भाइयों के नाम नियम विरूद्ध जारी आवासीय भूमि के पट्टे जारी करवाये जिससे ऐसा प्रतित होता है कि बिल्ली को ही दुध की रखवाली के लिये बिठा दिया गया हो उन्होने बताया कि पूर्ववर्ती कांठोस सरकार के मंत्री रमेश चंद मीना तथा तत्कालीन सरपंच भूरसिंह तथा तत्कालीन ठााम विकास अधिकारी विजेन्द्र कुमार ठााम पंचायत मोंगेपुरा ने अपने पद का दुरूपयोग करते हुए राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम, 1994 एवं नियम, 1996 के प्रावधानों का उल्लंघन कर निर्धारित प्रक्रिया नहीं अपनाकर गैर जरूरतमंद परिवारों को पट्टा जारी कर गरीबों के साथ अन्याय किया है। उन्होने बताया कि मेरी जानकारी मे आया है कि ठााम पंचायत मोंगेपुरा ठााम पंचायत मण्डरायल की अनुशंषा पर जिला कलेक्टर, करौली के आदेश 21.मार्च 2022 द्वारा भू-राजस्व अधिनियम,1956 की धारा 102 ए के अंतर्गत नयागांव में आबादी विस्तार हेतु भूमि ठााम पंचायत मोंगेपुरा मंडरायल को आवंटित करवायी थी।

# राजस्थान स्थापना दिवस के साप्ताहिक महोत्सवों का हुआ आगाज

**भरतपुर।** राजस्थान स्थापना दिवस के साप्ताहिक महोत्सवों की श्रृंखला में मंगलवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बाडमेर स्थित आदर्श स्टेडियम में राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन के द्वारा शुभारम्भ किया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का भरतपुर जिले के बीडीए ऑडिटोरियम से जिला स्तरीय कार्यक्रम का वर्चुअल जुड़ाव रहा। राज्य स्तरीय महिला सम्मलेन में मुख्यमंत्री भजन लाल ने कहा कि नारी समाज के विकास की पहली सीढी

- **महिला सम्मेलन मातृ शक्ति को समर्पित-मुख्यमंत्री शर्मा**

होती है, इसलिए महिला सम्मेलन मातृ शक्ति को समर्पित है। देश का इतिहास नारी शक्ति की वीरता, त्याग, बलिदान और शौर्य की गाथाओं से भरा हुआ है। जिसमें कालीबाई, मीराबाई, पर्यावरण प्रेमी अमृतादेवी विश्नाई आदि की कथाऐं हमें प्रेरित करती हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की महिलाओं को स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा आदि की बेहतर सुविधा मिले, इसके लिए केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनायें संचालित की जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि जहां नारियों का सम्मान होता है वहां हमेशा देवताओं का निवास होता है। हम पुरुष-स्त्री को रथ के दो पहिए के समान देखते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि बालिकाओं को शुरू से ही शिक्षा प्राप्त हो ताकि वह उन्नित की ओर अठासर हो। हम इस दिशा में एक कदम बढ़ाते हुए लाडो प्रोत्साहन योजना शुरू की गई, जिसमें राशि बेटी के जन्म पर 1 लाख से बढाकर 1 लाख 50 हजार रूपये की गई है। जल-जीवन मिशन के तहत महिलाओं को स्वच्छ जल, उज्ज्वला योजना में 450 रूपये में गैस सिलेण्डर, अति कुपोषित बच्चों के लिए दूध में वृद्धि, गार्गी पुरूस्कार, बालिका प्रोत्साहन योजना से महिलाओं एवं बालिकाओं को लाभान्वित कर महिला सशक्तिकरण की दिशा में सकारात्मक कदम उठाये जा रहे हैं। जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा महिलाओं व बालिकाओं के विकास के लिए विभिन्न योजनायें संचालित की जा रही हैं, जिससे महिलाओं को आर्थिक संबलता प्राप्त हो रही है।

इन योजनाओं के तहत महिलाएं हुई लाभान्वित कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों द्वारा 11 महिलाओं को प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत इलेक्ट्रिक कुकिंग सिस्टम प्रदान किये गये साथ ही गार्गी पुरूस्कार योजना के तहत 5 बालिकाओं को स्कूटी की चाबी सौंपी गई। मुख्यमंत्री हमारी बेटी योजना, बालिका प्रोत्साहन योजना, उज्ज्वला योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना, लखपति दीदी योजना के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। कार्यक्रम में लाभार्थियों ने अपने जीवन में सफलता के अनुभव को भी साझा किया।

कार्यक्रम में जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव, बीडीए आयुक्त प्रतीक जुईकर, सीईओ जिला परिषद मृदुल सिंह, नगर निगम आयुक्त श्रवण कुमार, अतिरिक्त कलक्टर शहर राहुल सैनी, उपखण्ड अधिकारी राजीव शर्मा, उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास राजेश कुमार, विद्युत विभाग से सुधीर प्रताप सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक व लाभार्थी मौजूद रहे।



राज्य स्तरीय कार्यक्रम का भरतपुर जिले के बीडीए ऑडिटोरियम से जिला स्तरीय कार्यक्रम का वर्चुअल जुड़ाव रहा।

## विधायक दर्शन सिंह का जताया आभार

**करौली** (नि.सं.) करौली विकास मंच के अध्यक्ष समाजसेवी बबलू शुक्ला के बताया कि जिला चिकित्सालय में औरथोपेडिक प्रक्रिया, हदय एवं एनजीओठााफी अध्ययनों और स्टेट एवं लाईन प्लेसमेंन्ट सहित विभिन्न चिकित्सीय प्रक्रियाओं में सीआर मशीन कि आवश्यकता रहती है। यह एक ऑवरहेड एक्सरे ईमेज इंटेसिफायर जिससे स्पष्ट दृष्य प्राप्त किया जाता है।

बबलू शुक्ला ने करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर को ज्ञापन पेशकर बताया की रोगीयों के ऑपरेशन एवं उपचार में आवश्यक लगभग राशि 15 लाख रूपये कीमत की सीआर मशीन के विधायक कोष से देने हेतु करौली विकास मंच के पदाधिकारी, नगरपरिषद के पार्षदो एवं शहर के प्रमुख लोगो सहित जिला चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ रामकेश मीना,उपनियंत्रक डॉ भुवनेश बंसल ने विधायक करौली दर्शन सिंह को मांग पत्र सौपा। इस पर विधायक दर्शन सिंह ने तुरन्त मांग पूरी करते हुये विधायक कोष से सीआर मशीन खरीद हेतु 15 लाख रुपये कि राशि जिला चिकित्सालय को देने की घोषणा की। इस अवसर पर उपस्थिति विकास मंच के अध्यक्ष बबलू शुक्ला,हाकिम बैसला,अभिषेक उपाध्याय,पंकज शर्मा,केशु, पार्षद संजीव जैन,संजय शर्मा,पार्षद प्रतिनिधि सुमित गर्ग,जीतु बंसल,सुशील शर्मा,पूर्व पार्षद ललित हर्देनिया,राजेश सारस्वत,महेश पाठक,बृजभूषण शर्मा, अनिल सहित प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ रामकेश मीना,उपनियंत्रक डॉ भुवनेश बंसल उपस्थित रहे। जिन्होने करौली विधायक दर्शन सिंह का आभार जताया।

## सार-समाचार

### आर.बी.एम. अस्पताल का औचक निरीक्षण

**भरतपुर।** भरतपुर संभाग के सबसे बड़े चिकित्सालय राजकीय आर.बी.एम. अस्पताल की स्थिति बदहाल है-यही स्थिति देखने के लिए आज आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों ने अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई गंभीर अव्यवस्थाएं सामने आईं। महिलाओं के लिए अलग से लाइनें नहीं होने से उन्हें काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। मरीजों के उचित इलाज की व्यवस्था नहीं है, और एक्स-रे मशीनों में से एक चालू होने के बावजूद दूसरी खराब पड़ी है, जिससे मरीजों को मजबूरी में बाहर निजी केंद्रों पर जाने के लिए विवश होना पड़ रहा है। सबसे चिंताजनक मामला तब सामने आया जब एक मरीज को सिर्फ इसलिए भर्ती नहीं किया गया क्योंकि उसने कंबल और पेशाब नली की मांग की। प्रशासन की लापरवाही का यह शर्मनाक उदाहरण है कि जरूरतमंद मरीजों को मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं करवाई जा रही हैं। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें प्रदेश उपाध्यक्ष चरणदास , प्रदेश सचिव एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रोहताश चतुर्वेदी (नदबई), लोकसभा प्रभारी जोगेंद्र सिंह बसेरी, डीग जिला अध्यक्ष बनवारी लाल कैन, ठाामीण जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी युवा जिला अध्यक्ष नरेंद्र आर. शर्मा, ओमवीर सिंह जघीना, ब्लॉक अध्यक्ष उदय सिंह सैनी, शोभाराम, सेबू भाई सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे । आम आदमी पार्टी ने इस अव्यवस्था की कड़ी निंदा करते हुए प्रशासन से तुरंत सुधार की मांग की है और चेतावनी दी है कि यदि अस्पताल की सुविधाएं नहीं सुधारी गईं तो पार्टी जनआंदोलन के लिए बाध्य होगी। पार्टी का स्पष्ट कहना है कि स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, और हर मरीज को उसका अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष जारी रहेगा।

### गैर संचारी रोगों का प्रशिक्षण संपन्न

**करौली** (नि.सं.) गैर संचारी रोगों का एक दिवसीय प्रशिक्षण मेडिकल कॉलेज में 7 बैच के दौरान संपन्न हुआ। जिसमें प्रतिभागियों को बीपी, शुगर और कैंसर स्क्रीनिंग के गुर सिखाए गए। गौरतलब है कि जिले में फरवरी माह से सघन सर्वे अभियान संचालित किया जा रहा है जिसमें 30 वर्ष से ऊपर की प्रति व्यक्ति की गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग की जा रही है। सीएमएचओ डॉ. दिनेश चंद मीना ने बताया कि प्रत्येक ब्लॉक की हर सीएचसी से एनसीडी कार्य देख रहे दो नर्सिंग ऑफिसर, पीएचसी से एक नर्सिंग ऑफिसर और सीएचओ को प्रशिक्षित किया गया है, जिससे प्रतिभागी सर्वे की बारिकियों को समझ पाएंगे और सर्वे में गुणवत्ता आएगी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 20 फरवरी से 31 मार्च तक एनसीडी सर्वे का कार्य संचालित है, जिसमें प्रशिक्षण मददगार साबित होगा।प्रतिभागियों को 7 बैच में प्रशिक्षण डिप्टी सीएमएचओ हेल्थ डा. ओम प्रकाश और डीपीसी - एनसीडी मनोज कुमार शर्मा द्वारा प्रदान किया गया है। प्रशिक्षण दौरान प्रतिभागियों को सर्वे फॉर्मेट और एमओ पोर्टल पर एंट्री से अवगत कराया।

### मेले में की विभिन्न व्यवस्थाएं

**करौली** (नि.सं.) नगर परिषद आयुक्त प्रेमराज मीना ने बताया कि कैलादेवी का मेला आज 26 मार्च से शुरू होगा लेकिन वर्तमान समय में श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधानुसार नगर परिषद क्षेत्र करौली में त्रिलोकचंद माथुर स्टेडियम, निजी एवं सरकारी बस स्टैण्ड, सर्किट हाउस परिसर, सिटी पार्क के बाहर, आराम हेतु टैंट व पेयजल सहित अन्य व्यवस्था की गई है। इसके अलावा ठाामीण क्षेत्र में कैलादेवी मोड से मंदिर तक,सुरौठ,सरमथुरा-धौलपुर रोड,मंडरायल रोड से कैलादेवी मंदिर तक सडक के किनारे स्थित 20 से 25 किलोमीटर के बीच में ठााम पंचायत,स्कूल जिनमें बोर्ड परीक्षा के सेन्टर नहीं हो, अन्य खाली स्थान चिन्हित कर श्रद्धालुओं के लिए आराम हेतु अस्थाई टेंट,पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था की गई है। इस संबंध में मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीणा ने शिक्षा विभाग,विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी को आवश्यक दिशा निर्देश भी जारी किये है।

### कन्डेरा कल्याण बोर्ड गठन की मांग

**भरतपुर।** कंडेरा समाज युवा महासभा राजस्थान द्वारा आज भरतपुर मे कंडेरा समाज ने कन्डेरा कल्याण बोर्ड गठन की मांग को लेकर ज्ञापन दिया । भरतपुर जिले की कंडेरा समाज ने जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम कन्डेरा समाज कल्याण बोर्ड का गठन बनाने के लिए ज्ञापन दिया । इस अवसर पर कन्डेरा समाज युवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र कन्डेरा,भरतपुर संभागीय अध्यक्ष लोकेन्द्र सिंह कन्डेरा ,भरतपुर जिला अध्यक्ष कुमर सिंह, प्रदेश प्रभारी वीरी सिंह ,प्रदेश महामंत्री वीरेंद्र सिंह , राष्ट्रीय महामंत्री जगमोहन , राष्ट्रीय उपसचिव गजाननंद ,पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री डा.भगवान सिंह रतन सिंह, सतीश चंद ,सोनू ,धर्मवीर ,वलदेव ,पीतम सिंह एवं समस्त कन्डेरा समाज के लोग मौजूद रहे।

### देवेंद्र गुर्जर ने जीता गोल्ड मेडल

**करौली** (नि.सं.) दिल्ली के जवाहरलाल लाल नेहरु स्टेडियम मे आयोजित खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 जो 21 से 23 मार्च आयोजित हुए जिसमे करौली के निकट राजपुर निवासी देवेन्द्र गुर्जर ने गोला फेंक प्रतिस्पर्धा मे गोल्ड मेडल प्राप्त करके करौली जिले का नाम रोशन किया देवेन्द्र ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व अपने कोच जगजीत सिंह और अपने निजी फिजियोथेरेपिस्ट डॉ दिनेश गुर्जर को दिया। देवेन्द्र के कोच जगजीत सिंह ने बताया कि देवेन्द्र का इन्टरनेशनल गेम्स के लिए ट्रायल होगा इसमे चयन होने पर देवेन्द्र इडिंया टीम का हिस्सा बन सकते है।देवेन्द्र कि इस उपलब्धि पर गांव के लोगो ने खुशी जताई। विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने देवेन्द्र गुर्जर को गोल्ड मेडल जितने पर सोशल मिडिया द्वारा बधाई दी।

### कृष्ण सुदामा मित्रता का बखान

**गंगापुर सिटी ।** विजय पैलेस में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन मंगलवार को राष्ट्रीय संत परम पूज्य आचार्य संतोष दास महाराज ने कथा में सत्राजीत, समरासुर प्रसंग, भौमासुर वध कथा, कृष्ण सुदामा मित्रता का बखान किया। आचार्य ने द्वारकाधीश लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान कृष्ण के आठ विवाह हुए । भौमासुर राक्षस का वध करके उसकी जेल में कैद 16,100०० कन्याओं को छुडाने के बाद कन्याओं ने मन से भगवान द्वारकाधीश से विवाह की कथा का वृतांत सुनाया। आचार्य द्वारा सनातन धर्म की रक्षा और समृद्धि प्रदान करने के लिए जनसंख्या वृद्धि पर व्याख्यान दिया। मणी धारी सत्राजीत द्वारा द्वारकाधीश पर चोरी का आरोप की कथा श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह प्रसंग और आमोद प्रमोद की कथा पर आचार्य ने कहा कि जिस घर में पति-पत्नी प्रसन्न रहते हैं उस घर में महालक्ष्मी की कृपा सदैव बनी रहती है, सुख समृद्धि घर में आती है। कथा में जामवंत युद्ध जामवंती से विवाह सहित आठौ विवाह का प्रसंग सुनाया।

# मेले में पॉलिथीन मुक्त करने की ऐतिहासिक पहल

**कैलादेवीकरौली ।** इस वर्ष कैलादेवी के लख्खी मेले मे कैलादेवी मंदिर ट्रस्ट द्वारा भोग प्रसाद कागज कि थैलियो मे खरीदने के लिए श्रृ द्धालुओ को ट्रस्ट के द्वारा 70 नि:शुल्क दुकान लगाकर पॉलिथीन मुक्त करने कि ऐतिहासिक पहल शुरू कि है। करौली में स्थित उत्तर भारत के प्रमुख शक्तिपीठ कैलामाता का लख्खी मेला 26 मार्च से प्रारंभ होगा। मेले का समापन 11 अप्रैल को होगा। चैत्र नवरात्रि घट स्थापना 30 मार्च को और अष्टमी पूजन 5 अप्रैल को किया जाएगा। इस वर्ष मेले के शुभारंभ से पूर्व ही पदयात्रियो का रेला उमडना शुरू हुआ।

सोमवार को कैलादेवी मंदिर ट्रस्ट प्रबंधन ने मंदिर परिसर स्थित प्रशासनिक खंड मे प्रेस वार्ता कर मंदिर प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं कि सुविधा के लिए किये गये व्यापक इंतजामो कि जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष मेले मे पॉलिथीन मुक्त करने कि एक ऐतिहासिक पहल शुरू कि है जिसका उन्होने खुलासा करते हुए बताया कि एक वर्ष के मेले से पूर्व जो मेले लगे है उनमे भोग प्रसाद कि दुकानो पर पॉलिथीन मे भोग प्रसाद दिया जाता था लेकिन इस वर्ष मंदिर ट्रस्ट द्वारा मंदिर ट्रस्ट कि 70 दुकान दुकानदारो को नि:शुल्क उपलब्ध कराई गई है और उन दुकानो पर से बिकने वाले भोग प्रसाद को कागज कि थैलियो और ट्रस्ट के कैरी वैग मे निर्धारित दर पर उपलब्ध कराया जायेगा। इससे पूर्व दुकानदार श्रृद्धालुओ कि भोग प्रसाद के नाम पर जमकर लूट करते थे और पॉलिथीन मे चढावे का भोग प्रसाद देते थे। लेकिन इस वर्ष दुकानो पर ट्रस्ट द्वारा कैला माँ. पर चढावे के भोग प्रसाद कि निर्धारित राशि कि लिस्ट चस्पा कर दी गई है। उन्होने बताया कि मेले मे आने वाले यात्रियों के आने-जाने के लिए 350 से अधिक रोडवेज बसें चलाई जाएंगी। सुरक्षा व्यवस्था के लिए 1000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। मंदिर ट्रस्ट ने 350 निजी सुरक्षाकर्मी भी लगाए हैं। पूरे मेला क्षेत्र कि निगरानी 305 सीसीटीवी कैमरों से कि जाएगी। मंदिर प्रबंधक विवेक द्विवेदी के अनुसार दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों के लिए व्हीलचेयर और रैंप की व्यवस्था की गई है। वही गर्मी के मौसम को देखते हुए 25 जल मंदिर स्थापित किए गए हैं। 50 स्काउट गाइड और रोवर स्वैच्छिक सेवाएं देंगे। मेला क्षेत्र में 160 शौचालय और 200 से अधिक सफाई कर्मी तैनात रहेंगे। चिकित्सा सुविधाओ के लिए मंदिर ट्रस्ट द्वारा 24 घंटे डॉ0और दो एम्बुलेंस उपलब्ध रहेंगी। घाटों पर स्नानागार,चेंजिंग रूम,दो नाव और 12 गोताखोर तैनात किए गए हैं। श्रद्धालुओं कि सुविधा के लिए रेलिंग में पंखे, कूलर लगाए गए हैं।

## प्रशिक्षण सेंटर शुरु

**सूरौठ ।** ग्रामीण महिला स्वरोज़गार फ़ाउंडेशन ( राजस्थान ) द्वारा स्किल इंडिया के तहत वंशिका ब्यूटी पार्लर सूरौठ पर 30 दिवसीय प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारम्भ संस्था के मुख्य पदाधिकारी इरफ़ान छीपा एवं दिनेश कुमार के द्वारा किया गया इस मौक़े पर आंगनवाड़ी सहायिकाए, सामाजिक कार्यकर्ता, प्रशिक्षण ट्रेनर व बालिकाए आदि मौजूद रहे । सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा पदाधिकारियों का माला व साफ़ा पहनाकर स्वागत किया गया । संस्था द्वारा इस सेंटर पर ट्रेनर के रूप में चंचल जी का चयन किया गया है जो कि महिलाओं-बालिकाओं को क्रौशल ट्रेनिंग देगी । प्रशिक्षण सेंटर पर सभी बालिकाओं को ब्यूटी पार्लर ट्रेनिंग की प्रेक्टिस के लिए आवश्यक किट सामठी वितरित की गई । मीटिंग के दौरान मुख्य पदाधिकारी इरफ़ान छीपा ने बताया की संस्था का उद्देश्य महिलाओं-बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण ट्रेनिंग दिलवाकर उनको रोज़गार के अवसर उपलब्ध करवाना हे ।

# गणगौर मेले को लेकर सर्व समाज के लोगों की हुई मीटिंग

**सूरौठ।** तहसील में 30 मार्च से शुरू होने वाले चार दिवसीय गणगौर मेले कि तैयारियां मेला कमेटी की ओर से ज़ोर शोर से कि जा रही है सर्व समाज के सहयोग से भरने वाले गणगौर मेले के लिए सर्व समाज के लोगों की मीटिंग परशुराम धर्मशाला में आयोजित की गई ठााम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि रामवतार व विश्राम मीणा नरेंद्र बाबा ने जानकारी देते हुए बताया कि 30 मार्च कि शाम को सीताराम जी मंदिर के सामने पांडाल में सर्व समाज के पंच पटेल भवानी पूजन के साथ गणगौर मेले का उद्घाटन करेंगे भवानी पूजन के बाद रात्रि को पांडाल में टोंक के कलाकार सुरेश राव पार्टी की ओर से राजस्थानी लोक नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जायेंगे 31 मार्च व 1 अप्रैल को रियासत कालीन परम्पराओं एवं राजसी ठाठ के साथ गणगौर माता की सवारी निकाली जाएगी गणगौर माता की शोभायात्रा में काफी संख्या में संजीव झांकियां शामिल रहेंगी इसके अलावा 31 मार्च सुबह 9 बजे जिंकडी दंगल शुरू होगा,,जिंकडी गायन दंगल में अपनी अपनी रचनाएं प्रस्तुत करेंगे

मेले का सबसे प्रमुख आकर्षण का केंद्र हेला ख्याल दंगल 01 अप्रैल को प्रारंभ होगा तथा 02 अप्रैल की शाम तक चलेगा व समापन उसी रात्रि को समारोह पूर्वक मेले का समापन किया जायेगा इस मौके पर मिटिंग में पूर्व सरपंच नत्थू सिंह राजपूत पूर्व सरपंच नादान मीना पूर्व सरपंच विशन महावर, बालकृष्ण शर्मा,हरीश शर्मा बत्तू मेंबर वेद प्रकाश शर्मा, जाकिर हुसैन, सिप्पी शर्मा,खलील खां, , रघुनाथ पटेल, रामचरण , टीपू विजयवर्गीय, कमलेश महावर, झम्मन मेंबर सहित कई लोग उपस्थित रहें ।

# अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष

**हिंडौन सिटी।** अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा जिला सभा करौली के जिला अध्यक्ष पद पर गोवर्धन पुरा के जगदीश प्रसाद जांगिड़ को चुना गया है। हिंडौन स्थित जांगिड़ समाज के संस्थान में मंगलवार को महासभा की करौली जिला सभा की एक आम सभा आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता महासभा के जिला सभा करौली के जिलाअध्यक्ष जगदीश प्रसाद शर्मा खातीपुरा वालों ने की। महासभा के वरिष्ठ पदाधिकारी थानागाजी के गिर्राज प्रसाद जांगिड़ मुख्य अतिथि रहे,जबकि महासभा के भरतपुर संभाग प्रभारी टोडाभीम के वेद प्रकाश शर्मा, करौली के अध्यक्ष रामस्वरूप, टोडाभीम के पूर्व अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। आम सभा की अध्यक्षता कर रहे महासभा के जिला सभा करौली के जिला अध्यक्ष जगदीश प्रसाद शर्मा ने अगले माह महासभा के करौली जिला सभा के नवीन जिला अध्यक्ष के चुने जाने का प्रस्ताव रखा। जिस पर आमसभा में उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से गोरधन पुरा के जगदीश प्रसाद जांगिड़ को महासभा के करौली जिला सभा के जिला अध्यक्ष चुना गया। महासभा के पदाधिकारी एवं समाज बंधुओ ने महासभा के करौली जिला सभा के नवीन जिला अध्यक्ष गोरधन पुरा के जगदीश प्रसाद जांगिड़ का साफा माला पहनकर अभिनंदन किया, वहीं संगठन के पूर्व करौली जिला सभा अध्यक्ष जगदीश प्रसाद शर्मा के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए समाज बंधुओ ने स्वागत किया।

## तीन घंटे रहेगा बिजली कट

**गंगापुर सिटी ।** बिजली विभाग ने मरम्मत कार्य के चलते आज बुधवार को तीन घंटे की बिजली कटौती की घोषणा की है। जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के कनिष्ठ अभियंता विकास कुमार ने बताया कि बिजली आपूर्ति सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक बंद रहेगी। गंगापुर सिटी 132 केवी सबस्टेशन से निकलने वाले 11 केवी फीडर नंबर 3 और 4 की बिजली आपूर्ति प्रभावित होगी। इससे शहर के कीर पाडा, नसियां कॉलोनी, नवीन स्कूल के आसपास और कोली पाडा के कुछ हिस्सों में बिजली नहीं रहेगी। इस कटौती से लगभग 1०,००० उपभोक्ता प्रभावित होंगे। इसके अलावा, जलदाय विभाग के सहायक अभियंता सज्जन सिंह ने बताया कि 26 मार्च से आगामी आदेशों तक जलापूर्ति के दौरान प्रतिदिन सुबह 6 से 7 बजे तक रहेगी।

# राजस्थान दिवस समारोह 31 तक मनेगा

**करौली-** (नि.सं.) अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिडवाल की अध्यक्षता में सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में राजस्थान दिवस समारोह व आवश्यक सेवाओं के सम्बन्ध में साप्ताहिक समीक्षा व समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई।

- **अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिडवाल की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में राजस्थान दिवस समारोह के सम्बन्ध में व की बैठक हुई**

बैठक में 25 से 31 मार्च तक राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के संबंध में नोडल अधिकारी नियुक्त कर पूर्व तैयारियों की समीक्षा कि। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने बताया कि आज बुधवार 26 मार्च को किसान सम्मेलन एवं एफ.पी.ओ. कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें 30 हजार किसानों को 137 करोड का अनुदान हस्तातरण सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जाएगे। इसी क्रम में 27 मार्च को अन्त्योदय कल्याण समारोह, 28 मार्च को सुशासन समारोह, 29 मार्च को युवा एवं रोजगार उत्सव, 30 मार्च को सांस्कृतिक कार्यक्रम व 31 मार्च को निवेश उत्सव का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 30 मार्च को राज्य एवं जिला स्तर पर राजस्थान दिवस समारोह आयोजित किया जाएगा। एडीएम ने राजस्थान फेस्टिवल 30 मार्च 2025 को राजस्थानी लोक कलाकारों, स्थानीय प्रतिभाओं को सम्मिलित करते हुए रंगारंग प्रस्तुतियाँ, पेन्टिंग, फोटोठााफी, प्रर्दशनियाँ का आयोजन के संबंध में आधारभूत व्यवस्थाओं की समीक्षा कि। बैठक के दौरान सीएमएचओ दिनेश चंद मीणा,अधीक्षण अभियन्ता,सूचना जनसंपर्क विभाग के सहायक निदेशक धर्मेन्द्र मीणा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## एसडीएम को सौपा ज्ञापन

**गंगापुर सिटी ।** कुरुक्षेत्र में 1००8 कुंडीय महायज्ञ के दौरान ब्राह्मणों पर हुए हमले के विरोध में परशुराम सेना ने प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। एसडीएम बृजेन्द्र मीणा के रीडर को दिए गए ज्ञापन में इस हमले की कडी निंदा की गई। सेना ने दोषियों पर सख्त कार्रवाई और ब्राह्मणों की सुरक्षा के लिए विशेष कानून बनाने की मांग की। उन्होंने ज्ञापन में बताया कि महायज्ञ के दौरान निहत्थे ब्राह्मणों पर सुनियोजित तरीके से गोलीबारी की गई। यह न केवल निंदनीय है, बल्कि भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा पर सीधा हमला भी है। ब्राह्मण समाज सदियों से धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर को संजोने का कार्य कर रहा है। बावजूद इसके, देशभर में ब्राह्मणों पर अत्याचार बढ रहे हैं। समाज के इस वर्ग को निशाना बनाया जा रहा है, जिसे रोकने के लिए सख्त कानून जरूरी है। परशुराम सेना ने मांग की कि इस हमले की उच्चस्तरीय न्यायिक जांच कर दोषियों को कडी सजा देने की मांग की है।

# पालिका ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान



टोडाभीम कस्बे के मुख्य बाजार से अस्थाई अतिक्रमण हटाया।

**टोडाभीम ।** नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी हनुमान शर्मा के निर्देशानुसार एवं उनके नेतृत्व में मंगलवार को कस्बे के मुख्य मार्गों पर हो रहे अस्थाई अतिक्रमण को हटाने के लिए अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कस्बे के मुख्य बाजार से सब्जी मंडी, फल मंडी, मुख्य चौराहा आदि स्थानों पर दुकानदारों एवं फल सब्जी व अन्य सामठाी बेचने वाले ढकेल संचालकों द्वारा किए गए अवैध अस्थाई अतिक्रमण को हटाकर सामान जब्ती की कार्यवाही की गई एवं भविष्य में अतिक्रमण नहीं करने की हिदायत दी गई। इस अवसर पर अधिशाषी अधिकारी हनुमान शर्मा ने बताया कि यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

## लखावत भरतपुर पहुंचे

**भरतपुर ।** राजस्थान धरोहर प्रोन्नित प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेडम एक दिवसीय दौरे पर भरतपुर आए जहां पहले जिला कलेक्ट्रेट में पहुंचकर जिला कलक्टर अमित यादव सहित अन्य अधिकारियों से मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के प्रस्तावित दौरा एवं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा मथुरा से उज्जैन के रास्ते में संदीपन ऋषि के आश्रम मार्ग को श्री कृष्ण गमन पथ की घोषणा की क्रियान्वयन को लेकर इसे विकसित करने को लेकर चर्चा की।

बाद में उन्होंने श्री बांके बिहारी जी मंदिर परिसर का अवलोकन कर सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों को लेकर निरीक्षण किया। उनके साथ विधायक जगत सिंह पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली प्रदेश मंत्री भाजपा भूपेंद्र सैनी जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा कलक्टर अमित यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत एवं मंत्री जवाहर बैडम ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर यहां आए हे।

# मेले में बालश्रम रोकथाम को लेकर बैठक आयोजित

**करौली** (नि.सं.) जिला बाल कल्याण समिति कार्यालय में बाल कल्याण समिति अध्यक्ष अनिल शर्मा कि अध्यक्षता में बाल संरक्षण मुद्दों को लेकर बैठक आयोजित की गई। एक्शनएड-यूनिसेफ जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा ने बताया कि बैठक में बाल मैत्रीपूर्ण करौली अभियान, कैलादेवी मेले में बालश्रम एवं भिक्षावृति कि रोकथाम, अक्षय तृतीया,पीपल पूर्णिमा अन्य अबूझ सावों सहित सामाजिक संगठनों द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलनों में बाल विवाह कि रोकथाम को लेकर चर्चा की गई। बैठक की शुरुआत करते हुए जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा ने कैलादेवी लक्खी मेले में बच्चों द्वारा भिक्षावृति एवं बाल श्रम करवाने कि आशंका जताई। उन्होंने कहा कि मेले में चाय, ज्यूस, खिलौने आदि कि दुकानों पर बालश्रम करवाया जा सकता है। साथ ही भिक्षावृति में भी बच्चों को लिप्त किया जा सकता है। उन्होंने बाल मैत्रीपूर्ण करौली अभियान में विभागों द्वारा तय गतिविधियों का आयोजन करवाने एवं जिलें में अक्षय तृतीय,पीपल पूर्णिमा,अन्य अबूझ सावों के साथ सामाजिक संगठनों द्वारा आयोजित सामुहिक विवाह सम्मेलनों के दौरान आयोजित विवाह समारोह में बाल विवाह की रोकथाम को लेकर जागरूकता अभियान चलाने की बात कही। जिला युवा अधिकारी शरद त्रिपाठी ने बताया कि जिले में बाल संरक्षण को लेकर सराहनीय प्रयास किये जा रहे हैं लेकिन इसे ओर भी बेहतरीन करने की आवश्यकता है। बाल मैत्रीपूर्ण करौली अभियान से बाल संरक्षण को प्रभावी बनाने के लिए बहुत अच्छी पहल है। लेकिन कैलादेवी लक्खी मेले में किसी भी तरह बालश्रम एवं भिक्षावृति नही हो इसके लिए एक्शनएड-यूनिसेफ एवं जिला प्रशासन को इसके लिए आवश्यक कार्य योजना तैयार करना चाहिए। प्रभारी चाइल्ड लाइन भीकम सिंह ने बाल संरक्षण मुद्दों को लेकर चाइल्ड हेल्पलाइन द्वारा किये जा रहे प्रयासों को लेकर जानकारी दी। घनश्याम लोधा अध्यक्ष एवं हेमराज माली सचिव सहयोग सेवा संस्थान करौली द्वारा बाल विवाह की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन एवं एक्शनएड- यूनिसेफ के साथ संस्थान पूरा सहयोग कर रही है। केला देवी लक्खी मेले में बालश्रम एवं भिक्षावृति की रोकथाम को लेकर चाइल्ड हेल्पलाइन के साथ मेला स्तर पर आवश्यक निगरानी करने की बात कहीं। बाल कल्याण समिति सदस्य फजले अहमद ने जिलें में बाल संरक्षण को लेकर किये गये कार्यों की समीक्षा करते हुए ओर गति लाने की बात कही साथ ही जिले में बालश्रम की रोकथाम को लेकर 26 मार्च से हॉटस्पॉट क्षेत्र में दबिश देकर बाल श्रमिकों की पहचान कर पुनर्वास करने की बात कही।